>

Title: Need to prevent pollution of river Yamuna in Agra and provide safe drinking water from the river.

प्रो. रामशंकर (आगरा): आगरा एक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र है । आगरा को विश्व विरासत के रूप में जाना जाता है । जहां दुनिया भर के देशी-विदेशी पर्यटक लाखों की संख्या में आते हैं । आगरा में भूमिगत जल दूषित हो चुका है । पानी में 2000 से 5000 तक फ्लोराइड है । इसलिए यहां भूमिगत जल पीना बीमारियों को निमंत्रण देना है । शहर में पानी की आपूर्ति यमुना के जल से पूरी होती थी। किंतु कुछ वर्षों से यमुना में पानी आगरा से बिल्कुल नहीं आता है । कुछ साल पूर्व मथुरा में बैराज बनने से पानी आगरा में नहीं पहुंच पाता । मेरी सरकार से मांग है कि आगरा की जल समस्या के समाधान हेतु आगरा में यमुना का जल सुनिश्चित हो और वह जल हमेशा मिले तथा आगरा में यमुना पर बैराज बनाया जाए जिससे आगरा का ताजमहल भी बच सके और ताज नगरी की जनता का जीवन भी बच सके । शहर में जो गन्दा पानी नाले पानी में गिर रहा है उसी पानी को जलशोधन यंत्रों द्वारा सफाई कर शहर में सप्लाई किया जाता है । वह पानी कीड़े युक्त तथा पीला एवं बदबूदार होता है । शहर में पानी की सफाई करने वाली मशीनें भी खराब पड़ी है । शहर की जनता को साफ पानी न मिलने से कई प्रकार की बीमारियां हो रही है । जिसके कारण अल्पायु में भी लोग मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं । हमारा अनुरोध है कि गन्दे नाले जो यमुना में गिर रहे हैं उनको तत्काल रोका जाए, सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है । यमुना में आगरा का पानी सुनिश्चित हो तथा यमुना में शीघ्र बैराज बनाया जाए ।